आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा नवप्रवर्तकों को समर्थन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

नेशनल स्टार्टअप डे का यह अवसर स्टार्ट अप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का ये समूह मैं अपने सामने नये और विकसित होते भारत का भविष्य देख रहा हूं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी क्षेत्र का अवलोकन किया और प्रदर्शकों से बातचीत भी की।

कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक में स्टार्टअप तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह में केवल चार सौ स्टार्टअप थे जिनकी संख्या अब दो लाख से अधिक हो गई हैं। स्टार्टअप इंडिया एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम सिद्ध हुआ है। एक रिपोर्ट–

स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दशक पूर्व 16 जनवरी, 2016 को की थी। इसका शुभारंभ नवाचार, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और निवेश संचालित वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में हुआ था। इसका उद्देश्य भारत को नौकरियां ढूढ़ने वालों की बजाय नौकरियां सृजित करने वाले देश में रूप में स्थापित करना है। स्टार्टअप दिवस पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज वैश्विक मानचित्र पर एक उज्ज्वल स्थान रखता है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता के शुभारम्भ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'जो खेलेगा, वहीं खिलेगा' के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छू रहा है। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब तक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले पांच सौ खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी प्रदान की गयी है।

देश के अन्दर दो हजार चौदह के बाद जिस प्रकार की एक नई खेल संस्कृति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित की है आज वह देखते हुए बनती है। याद करिये जब उन्होंने देशवासियों को खेलो इण्डिया खेलो के माध्यम से जोड़ने का आह्वान किया था, फिट इण्डिया मूवमेंट के माध्यम से एक स्वस्थ शरीर के माध्यम से कैसे हम सशक्त राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला तैयार कर सकते हैं, इसकी प्रेरणा दी। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से गांव–गांव तक इन खेलकूद की प्रतियोगिताओं को हम आगे बढ़ायें इसके लिये उन्होंने प्रेरित किया।

****

केंद्र सरकार आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम दो हजार छब्बीस पेश करेगी। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कानून का उद्देश्य खराब गुणवत्ता वाले, नकली और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि नया कानून जानकारी की सुविधा भी प्रदान करेगा।

इसमें ट्रेसिबिलिटी का पूरा एक सिस्टम होगा। जो बीज आएंगे वो ये पता चलेगा कि डीलर के पास कहां से आए हैं। एक तो ये होगा कि खराब बीज सिस्टम में आएंगे ही नहीं, आए तो वे पकड़े जाएंगे और जिसने दिए उसको दंड दिया जा सकेगा। इसकी व्यवस्था की गई है। सीड़ कंपनी का रजिस्ट्रेशन बकायदा किया जाएगा। इससे अनाधिकृत रूप से अगर कोई बीज बेचेगा तो वो भी जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सकेगी। हां एक बात मैं इसमें कहता हूं कि परंपरागत बीज जो किसान बोता चला आया है पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे क्योंकि किसान आपस में भी बीजों का विनिमय करता है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को राहत देने से इनकार कर दिया। यशवंत वर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित की गई समिति को चुनौती दी थी। इस समिति को पिछले साल मार्च में उनके आवास पर जले हुए नोट मिलने के आरोपों की जांच के लिए गठित किया गया था।

****

इस्राइल की राजधानी तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों को इस्राइल की अनावश्यक यात्राओं से बचने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट–

भारतीय दूतावास ने इस्राइल में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों तथा समय–समय पर सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है। किसी भी आपात स्थिति में भारतीय नागरिक दूतावास की 24 घंटे काम करने वाले हेल्पलाइन नंबरों 972– 54– 7 5 2 0 7 1 1 और 972– 54–3 2 7 8 3 9 2 पर संपर्क कर सकते हैं या कॉन्सवन डॉट तेलअवीव एट दी रेट एमईओ डॉट जीओवी डॉट इन पर ई–मेल भेज सकते हैं। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

****

प्रदेश भर में गलन भरी ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज और कल अनेक स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

****